तापमान

अधिकतम 24 .0 डिग्री
न्यूनतम 4 .3 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर, 2025



12 भाजपा सरकार कर रही देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास





12 समस्याओं को लेकर ग्लोबल स्पेस निवासियों का प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल मोटर चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने गांव मंगाली सुरतिया के खेत से ट्यूबवेल मोटर चोरी के मामले में दो आरोपियों हरिकोट निवासी सुरजीत और मंगाली सुरतिया निवासी मंजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटर बरामद की है।

चौकी प्रभारी एएसआई संदीप ने बताया कि पुलिस चौकी में गांव मंगाली सुरतिया निवासी रमेश कुमार ने 17 दिसंबर की रात ने उसके खेत से ट्यूबवेल मोटर चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उपरोक्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी शुदा मोटर बरामद कर ली है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अवैध हथियार के साथ एक काबू, कट्टा बरामद

**नारनौंद।** विशेष अभियान के दौरान बास थाना पुलिस ने अवैध हथियार देशी कट्टा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुठ्ठी निवासी राहुल के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही विकास ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि सुंदर नहर की पटरी पर से बास की ओर आ रहा एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर आ रहा है। सूचना के आधार थाना बास पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर मौके पर पहुंचकर सूचना अनुसार बताए गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ।

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने एक व्यक्ति को सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए गिरफ्तार किया है पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के पास 25,500 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान सिसाय कालीरावण निवासी नरेश के रूप में हुई है। यह जानकारी देते हुए एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सिसाय कालीरामण में एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है।

### प्राकृतिक रूप से तुलसी के अनेक फायदे : बंसल

**उकलाना।** भारत विकास परिषद द्वारा तुलसी दिवस के अवसर पर तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं जिला सर संघ चालक महेश बंसल ने कहा कि तुलसी के प्राकृतिक रूप से अनेक लाभ हैं, जो न केवल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं बल्कि हमें परमात्मा से जोड़ने का भी कार्य करती है।

# सीएम सैनी राखीगढ़ी में आज करेंगे हड़प्पा ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

▶▶ राखीगढ़ी महोत्सव का उद्घाटन के बाद देखेंगे दंगल ▶▶ हड़प्पा ज्ञान केंद्र का भी शुभारंभ किया जाएगा

■ पुलिस अधीक्षक ने लिया तैयारी का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

हड़प्पा कालीन सभ्यता का सबसे बड़ा केंद्र राखीगढ़ी मैं तीन दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार से होगी। इसका शुभारंभ करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। साथ ही हड़प्पा ज्ञान केंद्र का भी शुभारंभ किया जाएगा। उसके बाद स्टालों के अवलोकन के बाद कुश्ती के दंगल में पहलवानों के दाव पेंच भी मुख्यमंत्री देखेंगे। इसको लेकर जिला उपायुक्त महेंद्र पाल और पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन लगातार पूरे दिन तक तैयारी का जायजा लेते रहे। एक बड़ा मंच भी तैयार किया गया है। उसके सामने करीब 1200 कुर्सियां लगाई गई है। इस दौरान हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिलाओं के खेलों का भी आयोजन होगा। पर्यटकों को जानकारी हासिल के लिए राखीगढ़ी के हड़प्पा ज्ञानकेंद्र में सभी जानकारियां मिल सकेंगी। कब से कब से तक राखी गढ़ी के टीलों पर खुदाई हुई थी। ओर उस दौरान क्या क्या अवशेष मिले थे। हड़प्पा कालीन सभ्यता की काफी परंपराओं को जानने का मौका मिलेगा।





**नारनौंद।** राखी गढ़ी में कार्यक्रम स्थल का दौरा करते जिला उपायुक्त महेंद्र पाल व पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व राखीगढ़ी के टीलें तीन पर खुदाई के दौरान निकले मकानों को देखते पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

### स्टेडियम में बनाया हेलीपैड

म्यूजियम के पास ही स्टेडियम में हेलीपैड बनाया गया है। वहां से कुछ ही दूरी पर कार्यक्रम होगा। मॉक एग्जिवेशन को भी मुख्यमंत्री देखेंगे। जिसमें कोई भी छात्र वहां पर खुदाई कर सकता है।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस की रहेगी नजर

सुरक्षा के लिए लिहाज से छह डीएसपी, जिला पुलिस के सभी इंस्पेक्टर और सैकड़ो पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है। राखी गढ़ी में चारों तरफ से आने वाली सड़कों पर बैरिकेट्स लगा दिए गए है। अलग से पार्किंग स्थल बनाया गया है।

### सरपंचों को दी जानकारी

एसडीएम विकास यादव ने क्षेत्र के सभी सरपंचों को राखीगढ़ी के टीलों पर ले जाकर उनके बारे में जानकारी दी। एसडीएम की इस पहल पर सरपंच काफी खुश नजर आए और कहा कि आज ऐतिहासिक संस्कृति के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला।

### हर रोज आते हैं पर्यटक

राखीगढ़ी में खुदाई के दौरान निकले हुए टीलों को देखने के लिए हर रोज भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों ने बताया कि हमारे देश में ऐसी धरोहर हैं। जोकि पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। हजारों साल पहले हम कैसे रहते थे और हमारे मकान कैसे होते थे यह सभी चीज हमें राखीगढ़ी में ही देखने को मिलती है।

### सीएम के राखीगढ़ी दौरे के दृष्टिगत धारा-163 रहेगी लागू

जिलाधीश महेंद्र पाल ने 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गांव राखीगढ़ी में दौरे के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में वर्णित प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल को ड्रोन नियम 2021 के तहत रेड जोन घोषित करते हुए निषेधाज्ञा के आदेश पारित किए गए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कार्यक्रम स्थल के दो किलोमीटर के दायरे में लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, आग्नेय सशस्त्र, किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने, खुले पेट्रोल-डीजल की बोतल/केन इत्यादि में रखने तथा वीवीआईपी मार्ग के कार्यक्रम स्थल तथा आसपास के क्षेत्र में बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के ड्रोन उड़ाने व 75 मीटर के दायरे में सडक के दोनों तरफ कोई भी वाहन खड़ा करने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

## कार्यक्रमों को लेकर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों रही अलर्ट

# चर्च में मना क्रिसमस व क्रांतिमान पार्क में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

■ मोमबत्तियां जलाकर यीशू मसीह को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेंट थॉमस चर्च हर वर्ष की तरह मनाई जाने वाली क्रिसमस व हिंदू संगठनों के आह्वान पर चर्च के सामने क्रांतिमान पार्क में आयोजित हिंदू शक्ति संगम का कार्यक्रम पुलिस के साये में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। शांतिपूर्वक तरीके से जहां चर्च में लोग मोमबत्तियां जलाकर यीशू मसीह को याद कर रहे थे, वहीं ठीक सामने जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। चर्च में यह आयोजन हर वर्ष होता है लेकिन चर्च के सामने ही हिंदू संगठनों की ओर से अपने आयोजन की घोषणा कर देने से प्रशासन व पुलिस सक्रिय हो गए और सुरक्षा व शांति के पूर्ण प्रबंध किए गए। पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन बटालियन तैनात की गई। साथ ही वाटर कैनन व सादी वर्दी में पुलिस कर्मी तैनात रहे ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

लगभग 160 वर्ष पुराने सेंट थॉमस चर्च में हर वर्ष क्रिसमस का आयोजन होता है। चर्च के ठीक सामने क्रांतिमान पार्क में बजरंग दल व अन्य संगठनों ने हवन यज्ञ का आयोजन किया और शाम सवा चार बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति और प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम क्रांति भी पहुंचे।







**हिसार।** क्रांतिमान पार्क में हिन्दू शक्ति संगम में उपस्थित हिंदू संगठनों के नेता। क्रांतिमान पार्क से चर्च की तरफ जाने वाले रास्ते पर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिंकिग।





**हिसार।** चर्च में प्रार्थना के लिए पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

### हिन्दू शक्ति संगम में दी चेतावनी

हिन्दू शक्ति संगम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर, केरल व तमिलनाडू में एक समुदाय विशेष की आबादी बढ़ गई। ये लगातार बढ़ रही है। न कोई पुलिस वाला रहेगा, न प्रशासन रहेगा और न शासन रहेगा। हम रोटी, कपड़ा और मकान में रह गए, मकान बनाते रह गए और वे सोच रहे है कि इस मकान में कब रहना है क्योंकि वे स्वतंत्र बोलते है, खुलेआम बोलते है। वे प्रेयर के माध्यम से इकट्ठे होते होंगे, वे नमाज के नाम से इकट्ठ होते होंगे, क्या हम राम या हनुमान के नाम से इकट्ठे होते है, ये सोचना होगा।

### लोगों ने जलाई मोमबत्तियां

शहर के 160 साल पुराने सेंट थॉमस चर्च में सुबह से ही लोगों का आना जाना लगा रहा। चर्च में पहुंचे लोगों, खासकर युवाओं ने यहां मोमबत्तियां जलाई और प्रार्थना की। चर्च के बाहर सामान बेचने वालों ने दुकानें भी लगाई।

### पुलिस ने लगाई तीन कंपनियां

हिंदू संगठनों के ऐलान व चर्च में होने वाले कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस की तीन कंपनियां लगाई गई। चार डीएसपी भी सुरक्षा में तैनात रहे। साथ ही पूरे एरिया को बैरिकेडिंग की गई ताकि ताकि भीड़ एक साथ न बढ़े।

### प्रशासन ने हिंदू संगठनों के नेताओं को थमाए नोटिस

पुलिस प्रशासन ने हिंदू संगठनों के चार प्रमुख चेहरों को नोटिस थमाए हैं। नोटिसों में कहा गया कि बिना प्रशासन की अनुमति के कार्यक्रम न करें। शांति भंग हुई तो आपकी जिम्मेदारी मानी जाएगी।

### फूलों की बिक्री पर पड़ा असर

पुलिस की बेरिकेटिंग की वजह से क्रांतिमान पार्क और चर्च के के पास स्थित फूल मार्केट का बाजार गुरुवार को ठंडा रहा। फूल मार्केट के दुकानदारों का कहना है कि जिस तरह हर वर्ष क्रिसमस पर फूलों की बिक्री होती थी, इस बार वैसा देखने को नहीं मिला। फूलों की खरीदारी कम होने से फूल विक्रेताओं में मायूसी देखी गई। फूल विक्रेताओं का कहना था कि रास्ता बंद होने से फूलों की खरीदारी पर काफी असर पड़ा है।

## आरोपी को भेजा न्यायिक हिरासत में

# फर्जी दस्तावेज से गाड़ी अपने नाम करवाने के मामले में आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

पुलिस ने धोखाधड़ी, साजिश और फर्जी दस्तावेज तैयार कर वाहन अपने नाम करवाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव हसनगढ़ निवासी सुखबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए इस आरोपी गांव हसनगढ़ निवासी सुखबीर को हिसार अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बरवाला थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि उकलाना मंडी निवासी शमशेर गिल द्वारा थाना बरवाला में दी गई शिकायत पर 12 जनवरी 2017 को केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी को आरोपी सुखबीर को पांच लाख 40 हजार रुपये में बेचने का इकरार किया था, जिसमें से दो लाख रुपये मौके पर प्राप्त हुए थे, जबकि शेष तीन लाख 40 हजार रुपये 09 मार्च 2015 को देना तय हुआ था।

### फर्जी एनओसी निकलवाई

बरवाला एसडीएम कार्यालय से वाहन से संबंधित रिकॉर्ड जांचने पर सामने आया कि आरोपी सुखबीर ने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। शिकायतकर्ता के जाली हस्ताक्षर कर फर्जी एनओसी निकलवाई और वाहन को एसडीएम कार्यालय नरवाना से सह-आरोपी के नाम स्थानांतरित करवा दिया। पुलिस ने शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत थाना बरवाला में केस दर्जकर आरोपी सुखबीर निवासी हसनगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है।

## वारदात में प्रयुक्त पिस्तौल व गंडासी बरामद

# पुरानी रंजिश में फायरिंग और मारपीट करने वाले पांच काबू

■ पांच आरोपियों में दो नाबालिग

**हिसार।** नई सब्जी मंडी चौकी पुलिस ने पुरानी कहासुनी में जान से मारने की नीयत से फायरिंग व मारपीट करने के मामले में दो नाबालिगों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी आदर्श नगर निवासी मनीष, ढाणी किशनदत्त निवासी रजत बेदी व सचिन को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में भारत नगर निवासी गौरव की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 22 दिसंबर को शाम लगभग 7:30 बजे वह अपने दोस्त पीयूष के साथ एक कार्यालय में बातचीत करने गया था, जहां कहासुनी के बाद आपसी हाथापाई हो गई। इसके बाद शिकायतकर्ता को लगातार फोन पर जान से मारने की धमकियां दी गईं। रात करीब 10 बजे जब शिकायतकर्ता प्रहलाद किरयाणा स्टोर के पास खड़ा था तभी आरोपियों का एक समूह डंडे, गंडासी व अवैध हथियारों के साथ मौके पर पहुंचा और गाली-गलौच करते हुए ईंट-पत्थर फेंकने लगा। इस दौरान उनमें से एक ने शिकायतकर्ता पर सीधा फायर किया जो बाल-बाल बच गया।

## आरोपी को भोपाल से किया गिरफ्तार

# फिल्म ट्रेलर प्रमोशन के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, एक गिरफ्तार

**हिसार।** फिल्म ट्रेलर प्रमोशन के नाम पर फर्जी आईडी स्कीम चलाकर लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस संबंध में थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने भोपाल के अयोध्या नगर निवासी मंजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिसार कोर्ट में वकालत करने वाले कुछ अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार 19 नवंबर 2020 को आरोपीगण मंजीत सिंह, हरजीत सिंह व सुनीता ने स्वयं को फिल्म प्रमोशन कंपनी से जुड़ा बताते हुए प्रार्थियों को लालच दिया। आरोपियों ने बताया कि प्रति आईडी 550 रुपये के हिसाब से आईडी खरीदने पर प्रतिदिन फिल्म ट्रेलर को लाइक/डिसलाइक करने के बदले प्रति आईडी 10 रुपये की कमाई होगी तथा अधिक सदस्यों को जोड़ने पर अतिरिक्त कमीशन भी दिया जाएगा। आरोपियों के झांसे में आकर शिकायतकर्ताओं द्वारा स्वयं तथा अन्य सदस्यों को जोड़ते हुए आरोपी मंजीत सिंह के विभिन्न बैंक खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर किए गए तथा कुछ राशि नकद भी दी गई।

### ये है मामला

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने फर्जी फर्म बनाकर धोखाधड़ी करते हुए शिकायतकर्ताओं से लगभग 9 लाख 95 हजार रुपये की राशि नकद व बैंक खातों के माध्यम से ठगी। आरोपियों द्वारा झूठे आश्वासन देकर दो माह तक कार्य करवाया गया तथा बाद में पासवर्ड के दुरुपयोग के माध्यम से राशि निकाल ली गई।

सम्मान

## जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने की शिरकत

सुशासन दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों सम्मानित

# अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति को नई मर्यादा, संवाद और सुशासन की दी दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी तथा महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को लघु सचिवालय सभागार में जिलास्तरीय सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। नलवा से विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता व अनूप धानक तथा समाजसेवी जगदीश जिंदल भी इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित थे।




**हिसार।** उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा।

अपने संबोधन में डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि यह दिन केवल श्रद्धांजलि का नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था के आत्म मूल्यांकन और उसे और अधिक जन-केन्द्रित बनाने के संकल्प का दिन है। अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति को मर्यादा, संवाद और सुशासन की नई दिशा दी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि सरकार की सफलता का पैमाना यह होना चाहिए कि आम नागरिक को कितनी आसानी से न्याय और सुविधा मिल रही है।

### इनको मिला सम्मान

जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हांसी को हरी भरी बनाने के लिए 10 हजार पौधे लगाने के कार्य के लिए एसडीएम कार्यालय हांसी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। एसडीएम कार्यालय के अधीक्षक धर्मबीर सिंह को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, दूसरे स्थान के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाने के लिए शिक्षा विभाग से शिक्षिका सुमन बाला को सम्मानित किया गया। जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा अत्याचार अधिनियम 1989 व संसोधित अधिनियम 2016 में पीड़ितों को निश्चित समय में सहायता राशि का वितरण एवं मामलों के निपटान में अहम योगदान के लिए तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया।

**यह रहे उपस्थित :** इस अवसर पर नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, समाजसेवी जगदीश जिंदल, कृष्ण सरसाना, सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, सरोज सिहाग, कृष्ण बिश्नोई, जगमोहन मित्तल, अनिल गोदारा, डीआईओ एनआईसी दीपक भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

बच्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



### जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



### पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

### पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

### मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

बच्चो, अगर तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

### मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

### नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

## स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।






कहानी
रेनू सैनी

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?

# नववर्ष का संकल्प



निर्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'

स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र


## प्रेरित करती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185



1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने पूर्व पीएम वाजपेयी को किया याद

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर 101 दीप प्रज्वलित कर जन्म दिन मनाया गया। इस अववसर पर कार्यकर्ताओं ने 'अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे' के नारों से कार्यालय को गूंजा दिया। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी शाताब्दी वर्ष की संयोजक सरोज सिहाग, सह संयोजक कृष्ण बिश्नोई, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना आदि मौजूद रहे।

### कन्या गुरुकुल में मनाया सुशासन दिवस

**हिसार।** मेरा युवा भारत हिसार व आजाद हिंद युवा क्लब किरतान की ओर से भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कन्या गुरुकुल डोभी के प्रांगण में सुशासन दिवस मनाया गया। बच्चों की सुशासन दिवस पर प्रतियोगिता रखी गई जिसमें भूमिका ने सराहनीय प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। वैदिक प्रवक्ता आचार्य देवदत्त शास्त्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को शक्तिशाली बनाया।

### लुवास ने पशुपालकों के लिए जारी किए परामर्श

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के वैज्ञानिकों ने पशुपालकों को सलाह दी है कि वे सर्द ऋतु में पशुशालाओं में अंगीठी, कोयला, लकड़ी अथवा धुएं वाले हीटर का प्रयोग न करें। उन्होंने इसे अत्यंत खतरनाक और जानलेवा बताते हुए पशुपालकों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। विश्वविद्यालय के सह जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा के अनुसार सर्दियों में पशुओं को ठंड से बचाने के उद्देश्य से बंद या कम हवादार पशुशालाओं में अंगीठी या कोयला जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस उत्पन्न होती है।

### 'सहयोग- द सपोर्ट ड्राइव' का आयोजन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा 'सहयोग- द सपोर्ट ड्राइव' नामक दान अभियान का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा जरूरतमंदों के लिए दान सामग्री में खाद्य पदार्थ, किरयाणा सामग्री, कपड़े, मेडिकल किट, दूध पाउडर, सरसों का तेल, केले, साबुन, चाय पत्ती, विक्स, माचिस की डिबिया तथा वैसलीन आदि वितरित की गई।

### तुलसी पूजन कर मनाया तुलसी दिवस

**उकलाना।** पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा तुलसी दिवस के अवसर पर तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धा के साथ तुलसी पूजन कर पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं महान शिक्षाविद् पंडित मदन मोहन मालवीय को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

## सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

# अब लोगों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ : बबली

**मुख्य अतिथि सांसद रेखा शर्मा कार्यक्रम में नहीं पहुंच सकी, पूर्व मंत्री ने किया संबोधित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सुशासन दिवस के अवसर पर स्थानीय डीपीआरसी हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने भाग लेना था लेकिन वह कार्यक्रम में नहीं पहुंची। इस पर आज के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दुड़ाराम व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को दर्शाती लघु फिल्म दिखाई गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेश को भी सुनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि सुशासन का अर्थ एक ऐसी व्यवस्था से हैं जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित हो और योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। अटल बिहारी वाजपेयी के शब्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुशासन का मतलब है जनता का शासन, जो आज भी शासन व्यवस्था के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। यह दिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन और कार्यों से देश को सुशासन की स्पष्ट दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का मानना था कि शासन का उद्देश्य जनता की सेवा होना चाहिए और प्रत्येक निर्णय जनहित में लिया जाना चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन को एक नया आयाम मिला है। डिजिटल इंडिया, जन-धन योजना, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से शासन को सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तभी सफल होगा जब भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए तथा हर नागरिक को सम्मान और समान अवसर मिले। उन्होंने सुशासन दिवस के अवसर पर ईमानदारी, पारदर्शिता का महत्व बताया।




फतेहाबाद। सुशासन दिवस पर धर्मेन्द्र बल्हारा व पुलिस पीआरओ विनोद कुमार को सम्मानित करते पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक दुड़ाराम व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि सरकार सुशासन के अपने संकल्प को पूरी ईमानदारी से निभा रही है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस की शुरुआत कर जो संकल्प लिया था उसे लगातार निभा रहे हैं तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। यह अपने आप में एक पावन दिवस है और सुशासन दिवस मनाने के लिए आज से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता है।

### पुलिस पीआरओ को किया सम्मानित

सुशासन दिवस के अवसर पर उप-तहसीलदार फतेहाबाद विकास, उप-तहसीलदार भूना कृष्ण कुमार, उपायुक्त कार्यालय की शिकायत शाखा से धर्मेन्द्र लिपिक, एडीसी कार्यालय से संदीप कुमार, पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक विनोद कुमार को जिला स्तरीय अवार्ड प्राप्त करने पर स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। पीआरओ के रूप में विनोद कुमार द्वारा पुलिस अभियानों की जानकारी को सर्व सुलभ करवाया गया।

## फुले जयंती को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

- अध्यापक संघ ने बैठक में की मांग, डीईओ को सौंपेगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग की है। इसको लेकर संघ द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह निर्णय आज यहां हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की तथा संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन ने कहा कि अध्यापक स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर बजट सत्र में प्रस्तावित संसद पर धरना प्रदर्शन में पूरी तैयारी के साथ भागीदारी करेंगे। इसके अलावा 1 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर 3 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने बारे कन्वेंशन की जाएगी।

3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में आगामी सत्र में प्रवेश हेतु अभियान चलाने की प्लानिंग बनाई गई। शिक्षकों पर थोपी जा रही टेट परीक्षा का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

### गैर शिक्षक कार्य का किया विरोध

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अध्यापकों को ज्यादा से ज्यादा गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाए रखती है, जिसका खामियाजा गरीब बच्चों को भुगतना पड़ता है। यहां तक कि आवारा पशुओं व कुत्तों को भगाने व पकडने के लिए अध्यापकों को नोडल बनाया गया है, जिसका अध्यापक संघ पुरजोर विरोध करता है। अध्यापक नेताओं ने कहा कि अभी तक मिड डे मील व पार्ट टाइम स्वीपर को मानदेय नहीं मिला है।

## चार साहिबजादों की शहादत पर सिख संगत ने चलाया दूध का लंगर

- ढाणी जाखनदादी के लोगों ने की राहगीरों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

चार साहिबजादों की महान शहादत को नमन करते हुए शहर की सिख संगतों द्वारा शहर के सभी बाजारों में आने जाने वाले राहगीरों के लिए दूध के लंगर चलाकर गुरु गोबिंद गोबिंद सिंह जी के साहिबजादो की शहादत को नमन किया गया।

ढाणी जाखनदादी की संगत द्वारा भी सहनाल रोड पर आने-जाने वाले राहगीरों के लिए दूध व बिस्कुट का लंगर लगाकर सेवा की गई। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में संगत ने बढ़-चढक़र भाग लिया और श्रद्धा भाव से राहगीरों को प्रसाद वितरित किया।

सदस्यों ने बताया कि दिसंबर महीने के कड़ाके की ठंड में गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों ने धर्म और देश की रक्षा के लिए छोटी उम्र में ही सर्वोच्च बलिदान दे दिया था। साहिबजादो की शहादत धर्म और न्याय के लिए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक है। उनकी इस शहादत को हम भूल नहीं सकते।



रतिया। लंगर सेवा चलाते सिक्ख संगत।

### तुलसी पूजन दिवस पर आर्यभट्ट स्कूल के बच्चों ने मंदिर में की पूजा

**फतेहाबाद।** तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में बीघड़ रोड स्थित आर्यभट्ट सीनियर सेंकेडरी स्कूल के विद्यार्थियों को श्री वैष्णो देवी पिण्डी मन्दिर में ले जाया गया। यहां मंदिर में नमन करने के बाद मंदिर के पुजारी सचिन शास्त्री ने बच्चों को तुलसी मैया की महिमा के बारे में बताया। शास्त्री ने बताया कि उनके पिछले जन्म में उनका नाम वृंदा था। वो राक्षस कुल में थी लेकिन उनके कर्म अच्छे थे और वो पतिव्रता थीं। उनके पूर्व जन्म के अच्छे कर्मों के कारण ही उनका तुलसी के रुप में जन्म हुआ। उन्होंने बताया कि 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस के रुप में मनाया जाता है। शास्त्री ने बच्चों को बताया कि हमारे हाथों में भागवान विष्णु माता लक्ष्मी और सरस्वती जी का वास होता है।

## पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की बैठक में फैसला, 20 को सम्मेलन

- बीमा क्लेम का समय पर न मिलना, सेम, नकली खाद और बीज की बिक्री जैसे मुद्दे छाये रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, हरियाणा के ब्लॉक फतेहाबाद की महत्वपूर्ण बैठक आज किसान रेस्ट हाउस, फतेहाबाद में संपन्न हुई। आज हुई बैठक की अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को ब्लॉक स्तर का किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा बैठक में किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से फसल बीमा की समस्या, बीमा क्लेम का समय पर न मिलना, सेम (जलभराव) की समस्या, तथा बाजार में नकली खाद और बीज की बिक्री जैसे मुद्दे शामिल रहे।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते किसान नेता।



सिरसा। बाबा भूमणशाह के 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर हवन यज्ञ करते हुए बाबा ब्रह्मदास।

### बाबा भूमणशाह के महापरिनिर्वाण दिवस लगा शिविर

**सिरसा।** मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह, ग्राम बाबा भूमणशाह संघरसाधा में उदासीन संत बाबा भूमणशाह के 278वें महापरिनिर्वाण दिवस पर वीरवार को डेरे में श्री अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा हवन यज्ञ में गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज व श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। बाबा ब्रह्मदास महाराज ने हवन यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें जीवन में हर शुभ अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन करना चाहिए, जिससे वातावरण शुद्ध व भक्तिमय होता है। इस अवसर पर फ्री चिकित्सा शिविर का भी शुभारंभ बाबा ब्रह्मदास महाराज ने किया। महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित होने वाले धाूमक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु ढोल की थाप पर बाबा भूमणशाह के जयकारों के साथ पहुंचना शुरू हो गए हैं।

## क्रिसमस पर श्रद्धालुओं ने की चर्च में प्रार्थना, प्रभु के मंगल गीत सुनाए

- सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

क्रिसमस के उपलक्ष्य में वीरवार को सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के पादरी कमल पाल ने चर्च में श्रद्धालुओं को प्रभु ईसा मसीह की प्रार्थना करवाई। चर्च परिसर में मेला आयोजित किया गया। जहां पर बच्चों और महिलाओं ने खरीददारी की। क्रिसमस दिवस पर सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चर्च के पादरी कमल पॉल व फादर मनजीत मसीह ने चर्च में श्रद्धालुओं को प्रभु ईशा मसीह की प्रार्थना करवाई। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रभु ईशा मसीह के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु ईसा मसीह ने धरती पर अवतार लेकर लोगों की भलाई की, उन्हें सच्चाई के रास्ते पर चलाना सिखाया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने चर्च परिसर में चरणी स्थल पर मोमबत्ती जलाकर मंगल कामना की।



सिरसा। क्रिसमस डे पर सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना करते हुए श्रद्धालु।

## वीआईपी प्रीमियम सिम के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- 5750 रुपये लेकर सिम उपलब्ध न करवाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वीआईपी सिम के नाम पर ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी बरामद की है। थाना भट्टूकलां के प्रभारी उपनिरीक्षक राधे-श्याम ने बताया कि शिकायतकर्ता बलदेव पुत्र कान्हा राम निवासी गांव मानावाली ने 19 जून को थाना में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 13 जून को वह अपने निजी मोबाइल फोन पर फेसबुक चला रहा था, जहां उसने वीआईपी प्रीमियम नंबर की सिम बेचने संबंधी एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर संपर्क करने पर एक नाम-पता अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और सिम उपलब्ध कराने के नाम पर ऑनलाइन भुगतान की मांग की। आरोपी के कहने पर शिकायतकर्ता ने विभिन्न क्यूआर कोड के माध्यम से अपने गूगल-पे खाते से कुल 5,750 की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। इसके बाद आरोपी द्वारा और पैसे तथा ओटीपी की मांग की जाने लगी, जिससे शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर थाना भट्टूकलां में 19 जून को धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने संबोधित किया

# जन समस्याओं का त्वरित व नीतिगत रूप से निपटान ही सुशासन

**प्रदेश के लोगों को ऑनलाइन मिल रहा सुविधओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान का रास्ता नीतिगत रूप से करना सुशासन है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने समस्याओं के समाधान के लिए नीतियां बनाई, इसलिए उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंत्री श्याम सिंह राणा गुरुवार को सिरसा में सुशासन दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि सभी को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगानी है ताकि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे प्रयास तेजी से आगे बढ़ें। सरकार ने सुशासन के तहत ही किसानों की फसल का भुगतान डायरेक्ट किसानों के बैंक खाते में पहुंचाने की व्यवस्था की और अब खाद को भी मेरी फसल-मेरा ब्यौरा से जोड़ा गया है। इसका ट्रायल पंचकूला में किया गया, जिसके बाद 12 प्रतिशत यूरिया और आठ प्रतिशत डीएपी की डिमांड घट गई। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान स्वदेशी का रहेगा, इसलिए प्रत्येक देशवासी को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी पर ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसलिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए हैं ताकि विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना पर्ची बिना खर्ची की नीति बनाई, जिसके बाद होनहार युवाओं को मेरिट पर नौकरियां मिली, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में ऐसा सिस्टम नहीं था। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिस्टम में बदलाव कर पारदर्शी सुशासन की व्यवस्था दी।



सिरसा। सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री श्याम सिंह राणा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी वीरेंद्र सहरावत, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, सीटीएम अजय कुमार, भाजपा डबवाली जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी जगदीश चोपड़ा, शीशपाल कंबोज, अमीर चंद मेहता, हनुमान कुंडू, राजेंद्र सिंह देसूजोधा, पार्षद सुमन शर्मा, बलदेव सिंह मांगेआना, वीरेंद्र तिन्ना, संदीप मेहता, विकास शर्मा, डीएसपी संदीप सिंह, डीआरओ संजय कुमार, डीडीए डा. सुखदेव सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी के पद चिन्हों पर चलकर देश को आगे बढ़ाएंगे : अशोक सैनी

**नारनौंद।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस तथा सुशासन दिवस के अवसर पर नारनौंद विधानसभा स्तर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और भाजपा नेता अजय सिंधु ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अहम भूमिका निभाई थी। हमें उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर देश को आगे चाहिए। इस दौरान नारनौंद विधानसभा के चारों मंडलों की संयुक्त कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा एसआईआर विषय पर दिए गए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक संबोधन का सभी ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, मास्टर उदय सिंह लोहान, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, नीलम जांगड़ा, शमशेर नंबरदार, सुधीर पांचाल, ईश्वर बड़ाला, सतेंद्र बामल, ज्योति बडाला, अंग्रेजों आदि मौजूद थे।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसौद बिच्छपड़ी (01473) ब्लॉक बरवाला जिला हिसार में 30 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे 29 वृक्षों (16.76 घन मीटर) की नीलामी की जानी है। प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर राशि के रूप में 10000/- (दस हजार) रुपये का डीडी या कैश विद्यालय मुखिया के पास जमा करवाना होगा। बोलीदाता के हक में बोली छोड़ने के उपरांत मूल राशि (धरोहर राशि को छोड़कर) का 25 प्रतिशत मौके पर एवं बकाया 75 प्रतिशत 72 घण्टे के अन्दर अन्दर जमा करवाना होगा। बोली से संबंधित रिजर्व मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सुमन राठी
प्रिंसिपल
मो. नं. 81682-11749

## खबर संक्षेप

### मनरेगा में मनमाने कानून का विरोध

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से शहर की कुम्हार धर्मशाला में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी उत्तर प्रदेश एवं बसपा के केंद्रीय राज्य प्रभारी डॉ. मेघराज उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश महासचिव रामसिंह प्रजापति, प्रदेश महासचिव महेंद्र धानिया, प्रदेश सचिव बलबीर मुंडे, प्रदेश सचिव सूरत सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद राठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिले सिंह कश्यप सहित छह जिलों के पदाधिकारी रहे।

### नववर्ष पर सालासर-खाटू श्याम बस यात्रा 31 को

**आदमपुर।** आदमपुर श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से नववर्ष पर 31 दिसंबर को 94वीं सालासर-खाटू श्याम पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व नरेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु सालासर बालाजी व खाटू श्याम के अलावा अनेक दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। यात्रा में लक्की ड्रा के रूप में पांच चांदी के लोकेट और रिफ्रेशमेंट आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### अग्रोहा शक्तिपीठ में रक्तदान शिविर 8 को

**हिसार।** अग्रवाल समाज की पावन तपोभूमि अग्रोहा शक्तिपीठ में 8 जनवरी को एक विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

### चोरी हुई ई-रिक्शा के स्वामी को आर्थिक मदद

**हिसार।** जय श्रीश्याम मंडल ने पांच दिन पहले चोरी हुई एक ई-रिक्शा के स्वामी को आर्थिक मदद करके सराहनीय कार्य किया है। याद रहे सैनियान मोहल्ला निवासी कन्हैया लाल 20 दिसंबर को पुराना गवर्नमेंट कॉलेज के मैदान में आयोजित श्याम वंदना महोत्सव में अपने परिवार सहित माथा टेकने गया था। जब वह वापस आया तो उसकी ई-रिक्शा गायब थी, काफी दौड़ धूप करने व पुलिस में रिपोर्ट देने के बाद मिर्जापुर रोड पर ई-रिक्शा का ढांचा खड़ा मिला। उसमें से पांच बैटरी, चार पहिए सहित सारा सामान गायब था। कन्हैया लाल ने कहा कि लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंजा, हर आंख रही नम

# राजकीय सम्मान के साथ गांव मय्यड़ के जवान जोगिन्द्र कुंडू को दी अंतिम विदाई

■ 23 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान हो गया था जोगिन्द्र कुंड का आकस्मिक निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


जवान जोगिन्द्र कुंडू का फाइल फोटो।

नजदीकी गांव मय्यड़ के 33 वर्षीय जवान जोगिंदर कुंडू को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जवान के अंतिम संस्कार के वक्त गांव गम का माहौल रहा वहीं ग्रामीण गर्वित भी रहे। तिरंगे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और हर आंख नम थी। शहीद जोगिंदर कुंडू का अंतिम संस्कार गुरुवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। सीआईएसएफ और पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने भी मौके पर पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### आईआरबी में सेवाएं दे रहे थे जोगिंद्र कुंडू

मय्यड़ निवासी जोगिंदर कुंडू सितंबर 2017 से इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वह वर्तमान में अंडमान-निकोबार में तैनात थे, जहां 23 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया था। बुधवार देर रात उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव मय्यड़ पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने नम आंखों और भारत माता के जयघोष के साथ उनका स्वागत किया।

### पत्नी व एक साल के बेटे को छोड़ गए

जोगिंदर कुंडू का निजी जीवन भी चुनौतियों से भरा रहा। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था और इस वर्ष फरवरी में उनके भाई का भी देहांत हो गया। उनके परिवार में अब उनकी पत्नी, एक साल का बेटा और एक शादीशुदा बहन हैं।

### आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा बलिदान

अंतिम संस्कार के दौरान जब तिरंगे को शहीद की चिता से उतारकर सलामी दी गई, तो पूरा माहौल भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। गांव मय्यड़ ने भले ही अपना एक सपूत खो दिया हो लेकिन जोगिंदर कुंडू का यह बलिदान आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में ओम इंटरनेशनल स्कूल ने जीते 18 पदक


**हिसार।** पदक विजेता विद्यार्थी स्कूल प्रधानाचार्य के.एल. गोस्वामी के साथ।

■ विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों और कोच को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी में आयोजित दो दिवसीय 'फिफ्थ हरियाणा स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप' में ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और 18 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के लगभग 430 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस स्वर्णिम सफलता पर ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने संदेश में सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और कोच को बधाई दी। कराटे कोच विकास जांगड़ा के कुशल प्रशिक्षण में स्कूल के 18 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और सभी विद्यार्थियों ने पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। टीम ने कुल 6 स्वर्ण, 4 रजतऔर 8 कांस्य पदक अपने नाम किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप बैडमिंटन नर्सरी के विजेंद्र ने जीता दोहरा खिताब

■ अन्य प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन रहा बैडमिंटन नर्सरी के खिलाड़ियों का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** यूथ एशियन गेम्स में पदक जीतने पर विजेंद्र को सम्मानित करते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रम सिंह।

दुबई में हाल ही में आयोजित हुई एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में बैडमिंटन नर्सरी, विद्युत नगर के बैडमिंटन खिलाड़ी विजेंद्र ने एस.एल.-3 कैटेगरी में भारत की तरफ से भाग लेते हुए सिंगल व डबल, दोनों में ही सिल्वर मेडल जीता। विजेंद्र लखनऊ में आयोजित हुई राष्ट्रीय यूथ नेशनल चैंपियनशिप में सिंगल्स में विजेता रहे थे तथा विजेंदर और योगेश की जोड़ी ने युगल में भी सिल्वर मेडल जीता था। विजेंद्र ने यूथ एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर, फिलिपींस, दुबई, ईरान आदि देशों के खिलाड़ियों को हराया। विजेंद्र इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। बिजली निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रम सिंह ने विजेंद्र को अच्छे प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

सर्दी के मौसम में भी पानी की भारी किल्लत

## समस्याओं को लेकर ग्लोबल स्पेस निवासियों का प्रदर्शन

■ कॉलोनी की समस्याओं को लेकर बिल्डर का कोई ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते कॉलोनीवासी। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल स्पेस सेक्टर-24 में सर्दियों के मौसम में पानी की भारी किल्लत, टूटी हुई सड़कें व गलियां, कुत्तों का आतंक व मेंटनेंस की बुरी दशा को लेकर गुरुवार को रेजिडेंट वेल्फेयर सोसायटी ने कॉलोनी के शॉपिंग काम्पलेक्स के गेट नंबर एक तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सोसायटी के प्रधान जयभगवान बडाला ने किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि बिल्डर का कॉलोनी की समस्याओं को लेकर कोई ध्यान नहीं है।

### बदतर स्थिति

प्रधान बडाला ने बताया कि कॉलोनी में मेंटेनेंस व सुरक्षा के नाम पर बिल्डर द्वारा हर महीने लाखों रुपये की उगाही की जाती है, इसके बावजूद कॉलोनी की हालत बद से बदतर है। कॉलोनी के थ्री टियर सुरक्षा देने के दावे खोखले हैं और लोगों को बरगलाया जा रहा है। पिछले दिनों ग्लोबल स्पेस में एक मकान में लाखों रुपए की चोरी की घटना बिल्डर के दावों की पोल खोलती है। नेशनल हाइवे 9 पर अपने व्यावसायिक फायदे के लिए गेट तो बना दिया गया लेकिन हाइवे के साथ सर्विस रोड न होने के कारण कॉलोनी वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन में उपप्रधान मदन चौहान, सचिव नरेश सैनी, प्रेस सचिव कुलवंत बाजिया आदि मौजूद थे।

## स्मॉल वंडर स्कूल में मनाया क्रिसमस डे

■ सांता क्लॉज ने बच्चों को टॉफी दी

**हिसार।** सेक्टर 16 - 17 स्थित स्मॉल वंडर पब्लिक स्कूल प्रांगण में क्रिसमस डे बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया। स्कूल पूरी तरह से बड़े दिन के रंग में रंग गया। स्कूल प्रांगण में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए। बच्चों ने क्रिसमस के गाने गाए, नृत्य किया, नाटक का मंचन तथा कविताओं की प्रस्तुति दी। सभी ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के प्रिय सांता क्लॉज ने सभी बच्चों को टॉफी, चॉकलेट दी। इस मौके पर कमलेश भाकर, स्कूल निदेशक विनोद कुमार अरोड़ा तथा गिरीश अरोड़ा ने सभी को क्रिसमस डे की शुभकामनाएं दी।


**हिसार।** क्रिसमस डे मनाते विद्यार्थी एवं स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया तुलसी पूजन दिवस



**हांसी।** आरपीएस सैनिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कैडेट्स को न केवल भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत से रूबरू कराया गया, बल्कि उन्हें प्रकृति के साथ जुड़ने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी पूजन की पारंपरिक विधि के साथ हुआ। इस अवसर पर केवल पूजा ही नहीं, बल्कि पर्यावरण बचाओ मुहिम के तहत विशेष पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक तुलसी के नए पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। विद्यालय प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि तुलसी का पौधा न केवल आध्यात्मिक रूप से पूजनीय है, बल्कि आधुनिक विज्ञान भी इसके औषधीय गुणों का लोहा मानता है। इस अवसर पर विद्यालय संचालक डॉ संदीप देसवाल ने बताया की भारतीय जीवन पद्धति में तुलसी का स्थान एक परिवार के सदस्य की भांति है। तुलसी वातावरण को शुद्ध करने और ऑक्सीजन के स्तर को बनाए रखने में सहायक है।

## एलडीएसडी स्कूल में मनाया तुलसी पूजन दिवस

■ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

**हांसी।** एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस बड़ी श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पीसीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य उर्मिला शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की ओर तुलसी पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य मंजू रानी ने तुलसी पूजन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 25 दिसंबर 2014 से इस दिवस को तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि तुलसी केवल एक साधारण पौधा ही नहीं बल्कि एक औषधीय पौधा है जो हमारी भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी है। इस पौधे को जड़ी बूटियों की रानी कहा जाता है और आयुर्वेद में इसे अमृत कहा गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।


**हांसी।** तुलसी पूजन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

## आदमपुर पॉलीटेक्निक में रेड रिबन क्लब ने किया विशेष कार्यक्रम

■ मानव श्रृंखला बनाकर एड्स जागरूकता के लिए ली शपथ


**आदमपुर।** मानव श्रृंखला बनाने विद्यार्थी।

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में रेड रिबन क्लब की ओर से विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर उपमंडल नागरिक अस्पताल, मंडी आदमपुर से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयप्रकाश तथा काउंसलर मंजीव कुमार ने विशेष व्याख्यान सत्र में भाग लिया। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि एचआईवी/एड्स कोई अभिशाप नहीं बल्कि एक बीमारी है, जिससे सही जानकारी, समय पर जांच और उपचार द्वारा सामान्य जीवन जिया जा सकता है। समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। काउंसलर मंजीव कुमार ने कहा कि युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाने, नशे से दूर रहने और एड्स के प्रति जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। एड्स जागरूकता के अंतर्गत इस वर्ष की थीम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें मानसी ने प्रथम, कुंवर प्रिंस ने द्वितीय तथा आशीष और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## रोडवेज कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

■ सरकार निजीकरण पर रोक लगाए

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के अह्वान पर हिसार डिपो में रोडवेज कर्मचारियों ने भूख हड़ताल की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिपो प्रधान राजकुमार चौहान ने जबकि संचालन डिपो सचिव राम दिया ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान सुरेंद्र मान व राज्य उप महासचिव पवन शर्मा ने फूल-मालाएं पहना कर कर्मचारियों को भूख हड़ताल पर बैठाया। भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उप प्रधान शिवकुमार श्यौराण, राज्य उप महासचिव पवन शर्मा तथा राज्य कमेटी के नेता व डिपो प्रधान राजकुमार चौहान ने बताया सरकार निजीकरण पर रोक लगाकर विभाग में नई 10 हजार सरकारी बसें शामिल करें, सभी खाली पड़े पदों पर शीघ्र पक्की न भर्ती करें, नई पेंशन स्कीम को रद्द करके पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए। मांगों को लागू नहीं करने पर रोडवेज कर्मचारियों में भारी रोष देखा गया।

## गोपियों की चरण-धूल से श्रीकृष्ण का सिरदर्द हुआ दूर : भुवनेश्वरी

**उकलाना।** गीता भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचिका ब्रज भुवनेश्वरी ने श्रीकृष्ण और रुक्मणी की दिव्य कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि एक बार श्रीकृष्ण के सिर में असहनीय दर्द हुआ, लेकिन बड़े-बड़े वैद्यों और वेदों की औषधियां भी उस दर्द को ठीक नहीं कर सकीं। उन्होंने कथा के प्रसंग में बताया कि जब यह पीड़ा दूर नहीं हुई तो देवर्षि नारद श्रीकृष्ण के पास पहुंचे और कारण पूछा। नारद जी को बताया गया कि यह दर्द केवल तभी ठीक हो सकता है, जब वृंदावन की गोपियों की चरण-धूल श्रीकृष्ण के मस्तक पर लगाई जाए।

## श्री सनातन धर्म विद्यालय में स्वयंसेविकाओं को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

■ स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता के लिए अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


**हांसी।** एनएसएस शिविर में योग करती स्वयं सेविकाएं।

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर का दूसरा दिन उत्साह, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता के साथ संपन्न हुआ। एनएसएस अधिकारी रमता रानी की देख- रेख में द्वितीय दिवस की शुरुआत योग ध्यान से की गईं जिससे स्वयं सेविकाओं को मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके माध्यम से साफ-सफाई के महत्व एवं स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई कर समाज के प्रति अपने दायित्व का परिचय दिया। प्राचार्या रेणु बंसल ने कहां की एनएसएस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। ऐसे शिविर छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## देश की पहली महिला शिक्षिका की जयंती मनाएगा अध्यापक संघ

■ जिला कार्यकारिणी की बैठक

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक सिंचाई विभाग यूनियन कार्यालय में जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। बैठक में राज्य प्रधान प्रभु सिंह व राज्य उपप्रधान अलका विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य उप प्रधान अलका ने बताया कि अध्यापक संघ देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री फुले की 195वीं जयंती मनाएगा। जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि अध्यापक संघ 6 जनवरी को जिला स्तर पर टीईटी के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देगा। बैठक में जिला वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, कार्यालय सचिव राजेंद्र अग्रोहा, प्रेस सचिव बलजीत सिंह, सुमन, भूपेन्द्र सिंह, दलवीर भादू, लीलू राम, नरेंद्र कुमार, विरेंद्र सिंह, आदि रहे।

**कार्यक्रम** एसडी महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह आयोजित

वाजपेयी ने पूरे राजनीतिक जीवन में देशहित को सर्वोपरि रखा

# भाजपा सरकार कर रही देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकासः रणवीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


**हांसी।** सुशासन दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते केबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की101वीं जयंती के अवसर पर एसडी महिला महाविद्यालय में जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में देशहित को सर्वोपरि रखा। उनकी सोच राष्ट्र प्रथम की रही और इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश तथा प्रदेश का तेजी से पारदर्शी तरीके से समग्र विकास कर रही है।

### ये रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए एसडी महिला महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधाओं के विस्तार के लिए 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा पर किया गया निवेश समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ, तहसीलदार अनिल कुमार बिढान, राजपाल यादव, दिनेश भूटानी, सुखविंदर जाखड़, एसडी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार गुप्ता, प्रेम वर्मा, नवीन ठाकुर, सतपाल खांडेवाला, धर्मवीर रतेरिया, मनजीत जांगड़ा, रवि अरोड़ा आदि मौजूद रहे।